2020 May MON 25 146-220

Prof. Khushbu Kumari,
Guest Teacher,
Dept. of Political Science, V.S.J. College,
Rajnagar, Lnmu,

Class - B.A. 3(H)

Date - 7th April, 2021

प्लेटो का

Topic - आदर्श राज्य संबंधी विचार

रिपब्लिक में दार्शनिक प्लेटो के समस्त चिन्तन का केन्द्रीय विषय 'आदर्श राज्य' है। अपने आदर्श राज्य के भव्य भवन के निर्माण हेतु उसने न्याय सिद्धान्त को आधारशिला तथा शिक्षा योजना एवं साम्यवाद के सिद्धान्त का आधार स्तम्भ के रूप में प्रयोग किया है। आदर्श राज्य की बागडोर वह ऐसे दार्शनिक शासकों के हाथ में सौंपता है जिनमें सुन्दर आत्मा के सभी गुण होते हैं। अर्थात वे सर्वज्ञ, विवेकशील तथा परमसत्य के गुणों से युक्त शासक होते हैं। प्लेटो एक ऐसे आदर्श की रचना करना चाहता था जो पूर्णरूपेण 'आदर्श मॉडल' हो अर्थात उसकी रचना, उसकी दृढ़ता, उसके सौन्दर्य एवं उसकी आदर्शवादिता में कहीं भी किसी भी प्रकार की वह त्रुटि नहीं रखना चाहता था।

TUE 26 147-219

प्लेटो के आदर्श राज्य की उत्पत्ति -

प्लेटो ने अपने आदर्श राज्य का निर्माण तीन चरणों में सम्पन्न हुआ माना है। मानव की आर्थिक आवश्यकताओं का ही

June 2020
Su Mo Tu We Th Fr Sa
1 2 3 4 5 6
7 8 9 10 11 12 13
14 15 16 17 18 19 20
21 22 23 24 25 26 27
28 29 30

Scanned with CamScanner

27 WED 148-218

राज्य की उत्पत्ति का प्रमुख आधार इसको माना है क्योंकि इनकी पूर्ति के लिए ही व्यक्ति किसी न किसी प्रकार का सहयोग करने के लिए बाध्य होता है। इकाई के रूप में कोई भी व्यक्ति अपने आर्थिक जीवन की समस्त आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकता जबकि पारस्परिक सहयोग एवं विनिमय से सभी अपनी आर्थिक आवश्यकताओं की अधिक से अधिक मात्रा में पूर्ति करने में सफल हो सकते हैं। आर्थिक जीवन की वस्तुओं का आदान प्रदान श्रम विभाजन तथा कार्य विशिष्टीकरण को जन्म देता है। राज्य की उत्पत्ति के इस

28 THU 149-217

चरण में राज्य के उत्पादक वर्ग का विकास होता है जिसे प्लेटो उत्पादक वर्ग कहकर पुकारता है एवं जिसका प्रमुख गुण सम्पत्ति प्रेम तथा क्षुधा है साथ ही प्लेटो के आदर्श राज्य के आधार स्तम्भ दो सिद्धान्तों - श्रम विभाजन का सिद्धान्त तथा कार्य विशिष्टीकरण का सिद्धान्त का भी बीजारोपण इसी प्रथम चरण में होता है।

May 2020

Su	Mo	Tu	We	Th	Fr	Sa
31					1	2
3	4	5	6	7	8	9
10	11	12	13	14	15	16
17	18	19	20	21	22	23

Scanned with CamScanner